सेबी के अध्यक्ष का संदेश

एक मशहूर कहावत है कि "खुद पर भरोसा करना सफलता की पहली सीढ़ी है" । यही भरोसा आप में प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) में निवेश करते समय भी होना चाहिए । यह भरोसा आप में तभी आएगा जब आप बदलते बाजार के अनुरूप न केवल लगातार जानकारी हासिल करते रहें, बल्कि जागरूक भी बने रहें ।

जहाँ तक अर्थव्यवस्था में प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) के योगदान की बात है, तो प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) के जरिए यह सुनिश्चित हो पाता है कि लोगों की बचत का ऐसी जगह निवेश हो जिनसे न केवल मुनाफा कमाया जा सके, बल्कि इससे पूँजी निर्माण के साथ-साथ आर्थिक विकास भी हो । भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के मुख्य उद्देश्यों में से एक उद्देश्य है - प्रतिभूतियों (सिक्यूरिटीज़) में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों का संरक्षण करना । निवेशकों के संरक्षण की दिशा में निवेशक शिक्षण और निवेशक जागरूकता की भूमिका काफी अहम हो जाती है ।

पिछले तीन दशकों में प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) का दायरा काफी ज्यादा फैल चुका है और इस दौरान कई बदलाव भी आ चुके हैं, फिर चाहे हम बाजार के ढाँचे (मार्केट स्ट्रक्चर) की बात करें या फिर नए उत्पादों (प्रोडक्ट्स) की । ये बदलाव बाजार में सेवा प्रदान करने वालों से संबंधित रहे । जहां तक सेवाएं लेने वालों की बात है, तो बाजार में और नए निवेशक भी आए । इसके अलावा, छोटे निवेशकों की भागीदारी भी बढ़ी है, जो कि डीमैट खातों की संख्या और म्यूचुअल फंडों के पोर्टफोलियो की संख्या में हुए इजाफे को देखकर ही पता चल जाता है । नए निवेशकों के लिए यह जरूरी है कि वे निवेश के संबंध में सोच-समझकर निर्णय लें। इस तरह से, निवेशकों को शिक्षित करने में निवेशक जागरूकता और निवेशक शिक्षण की भूमिका काफी अहम है। किसी को भी झूठे वादों और बिना मांगे दी गई सलाह के झांसे में नहीं आना चाहिए ।

प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) के विनियामक (रेग्यूलेटर) के तौर पर, सेबी इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन ऑफ सिक्यूरिटीज़ कमीशन्स (आयस्को) का सदस्य है । पूरी दुनिया में हर वर्ष अक्तूबर के महीने के दौरान आयस्को की छत्रछाया में विश्व निवेशक सप्ताह मनाया जाता है, ताकि निवेशक शिक्षण और निवेशक जागरूकता की दिशा में जो तरह-तरह के कदम उठाए जा रहे हैं उन्हें और बढ़ावा मिले । सेबी वर्ष 2017 से विश्व निवेशक सप्ताह एक्सचेंजों, निक्षेपागारों (डिपॉज़िटरीज़), निवेशक संघों (इन्वेस्टर असोसिएशन), कमोडिटी डेरीवेटिव प्रशिक्षकों (ट्रेनर्स), जानकार व्यक्तियों (रिसोर्स पर्सन्स) आदि के साथ मिलकर मना रहा है ।

इस वर्ष, वैश्विक महामारी की वजह से, विश्व निवेशक सप्ताह के आयोजन में देरी हो गई, और अब यह सप्ताह 23 से 29 नवम्बर, 2020 के दौरान मनाया जाएगा । सेबी इसका राष्ट्रीय समन्वयक है ।

इस वर्ष का विषय है : "निवेशक जागरूकता: आर्थिक सुरक्षा का रास्ता" । इस दौरान कई तरह के आयोजन होंगे, जैसे निवेशक जागरूकता संबंधी वेबगोष्ठियाँ (वेबिनार), किसी खास विषय पर वेबगोष्ठियाँ (वेबिनार), अखिल भारतीय स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ, डिजिटल ब्रोशर, सूचनाप्रद वीडियो, आदि ।

मुझे यह पूरा विश्वास है कि निवेशक, खास तौर पर वे निवेशक जो हाल ही में प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) से जुड़े हैं, इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे और इनसे लाभान्वित होंगे ।

सभी सहभागियों को मेरी ओर से शुभकामनाएं ।

अजय त्यागी